हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 16 जून 2025

तापमान
अधिकतम 41.4 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

12 मतदाताओं ने भीषण गर्मी में भी दिखाया उत्साह



12 आईटीआई में दाखिले को लेकर युवाओं में उत्साह



## खबर संक्षेप

### अंबाला में हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**अबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र के टांगरी पुल के पास से अवैध नशा बेचने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी जतिन को 20 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। 14 जून 2025 को सीआईए-2 सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह महेशनगर क्षेत्र टांगरी बंधे के पास तथा टांगरी नदी के अंदर घूम फिरकर नशीला पदार्थ बेच रहा है। पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया।

### मुलानाः मोटरसाइकिल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल चोरी मामले में आरोपी प्रिंस को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी प्रिंस के पास बिना नंबर प्लेट के चोरी की मोटरसाइकिल है जिसे वह बेचने की फिराक में है। वह मोटरसाइकिल बेचने के लिए दोसडका से बराड़ा की तरफ आएगा। दोसडका पुल के नीचे नाकाबंदी कर पुलिस ने आरोपी को चोरीशुदा मोटरसाइकिल के साथ काबू कर लिया।

### पानीपतः जाटल रोड के पास कार नहर में गिरी

**पानीपत।** पानीपत में जाटल रोड के पास कार, दिल्ली पेरलल नहर में गिर गई। वहीं राहगिरों ने हिम्मत का परिचय देते हुए कार सवार सुनील निवासी गांव इसराना को बाहर निकाल लिया। जबकि पानी में गिरे रहने के कारण सुनील की हालत बिगड गई। सुनील को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दूसरी ओर पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को नहर से बाहर निकलवाया।

### बिजली के करंट में झुलसा मिस्त्री

**पानीपत।** पानीपत शहर की न्यू आरके पुरम कॉलोनी के निर्माणाधीन मकान में काम करते वक्त शटरिंग मिस्त्री विकास कुमार निवासी समस्तीपुर बिहार हाल निवासी जाटल रोड को मकान के बाहर से गुजर रही हाइवोल्टेज तारों की चपेट में आने से झुलस गया। विकास, रोहतक पीजीआई में उपचाराधीन है। इधर, विकास के साथी मोहम्मद दिलदार की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मकान मालिक बुधप्रकश, ठेकेदार अर्जुन व मालिक के दोस्त रोनक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिलदार का आरोप है कि आरोपियों के कारण विकास करंट लगने से झुलसा है।

### मंदिर में फंदा लगा कर युवक ने सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव आदियाना में 40 वर्षीय युवक कृष्ण ने मंदिर में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर, ग्रामीणों की सूचना पर थाना मतलौडा पुलिस व एफएसएल की टीम ने शव व घटनास्थल जांचा और पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, मृतक के भाई सूरज ने बताया कि तीन साल पहले कृष्ण को उसकी पत्नी छोड़कर जा चुकी है। कृष्ण के एक पुत्र है।

### अवैध खनन करने वालों पर जुर्माना किया

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि अवैध खनन का कार्य करने वालों के खिलाफ पूरी सख्ती बरती जा रही है। जहां पर भी अवैध खनन की संभावनाएं नजर आती है तुरंत कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग और खनन विभाग की टीम पहुंच जाती है व आवश्यक कार्रवाई करती है। जिला खनन अधिकारी निरंजन ने बताया कि राणा माजरा गांव के पास अवैध रूप से खनन करने वाले के खिलाफ 2 लाख 15 हजार का जुर्माना किया गया है व ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया है।

---

पानीपत में बोले प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज

## हरियाणा को एसवाईएल का पानी दे पंजाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



- कांग्रेस द्वारा नया संगठन बनाने पर हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने ली चुटकी

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार से एसवाईएल के पानी की मांग करते हुए कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया हुआ है कि हरियाणा को इसका पानी दिया जाना चाहिए, फिर हमारा एसवाईएल का पानी पंजाब सरकार क्यों रोक रही है। अनिल विज ने कहा कि हरियाणा के खेत प्यासे हैं, जबकि हरियाणा के हिस्से का पानी बहाकर पाकिस्तान भेजा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब की आप सरकार पानी को लेकर राजनीति कर रही है, लेकिन राजनीति भी तय सीमा में ही रहनी चाहिए। विज, शनिवार को पानीपत में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। अनिल विज ने साथ ही बताया कि पाकिस्तान के साथ किया हुआ सिंधु जल समझौता समाप्त किया जा चुका है, ताकि हरियाणा के खेतों तक अधिक पानी पहुंचे, लेकिन आप सरकार इसका पानी पाकिस्तान की तरफ बहने दे रही है। कांग्रेस द्वारा नया संगठन बनाने पर हरियाणा मंत्री अनिल विज ने चुटकी लेते हुए किया कि मैं इससे खुश हूं। वहीं, लोकतंत्र पक्ष और विपक्ष दोनों से ही चलता है, इसलिए एक स्वास्थ्य लोकतंत्र के लिए विपक्ष का होना जरूरी है। विज ने दावा किया है हरियाणा में बिजली की कमी नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुनानगर में एक थर्मल यूनिट का शिलान्यास किया है। जबकि हिसार व पानीपत में नई थर्मल की यूनिटों को स्थापित किया जाएगा, न्यूक्लियर पावर प्लांट भी स्थापित किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली निगम के अधीक्षक अभियंताओं को बिजली आपूर्ति के संबंध में रिपोर्ट रोजाना ऊर्जा मंत्री को भेजी जाए इसे लेकर ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देश दिए गए हैं।

---

## कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग मैराथन



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग मैराथन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरी झंडी दिखाई और मुख्यमंत्री ने खुद धावकों पर पुष्प वर्षा की। इस राज्य स्तरीय योग मैराथन के लिए 10 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण करवाया था। इस योग मैराथन में हजारों युवाओं ने हिस्सा लेकर नशा के खिलाफ चल रहे यज्ञ में आहुति डालने का काम किया है। इस मैराथन ने योग, खेल, संस्कृति और पर्यावरण चेतना को नई उंचाई दी है।

---

कुरुक्षेत्र में बोले-हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा

## राष्ट्रीय पदक विजेताओं व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को मिलेगा 20 लाख रुपये का मेडिकल कवरेज

- पॉलिसी तैयार हो चुकी, मुख्यमंत्री सैनी जल्द ही घोषणा करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 20 लाख रुपये तक का मेडिकल कवरेज दिया जाएगा। ये पॉलिसी तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। ताकि खिलाड़ियों को किसी भी आपातकालीन स्थिति में आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े और वे बिना किसी अनिश्चितता के भय से मुक्त होकर अपना पूरा ध्यान अपने खेल पर केंद्रित कर सकें। हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा रविवार को योग मैराथन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में खेल नर्सरियों की संख्या 1500 से बढ़ाकर 2000 कर दी है। सरकार ने 1 अप्रैल 2025 से आवासीय अकादमी के खिलाड़ियों की डाइट मनी 400 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिदिन कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खिलाड़ियों की सुविधा के लिए खेलो हरियाणा ऐप लांच की जाएगी। इसके जरिए वे अपनी खेल प्रयोजन व प्रदर्शन संबंधी तथा अन्य पहलुओं को डिजिटल तरीके से प्रबंधित कर पांएगें। हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि ओलम्पिक स्तर पर पदक विजेता कोई भी खिलाड़ी यदि अपने गृह जिले में खेल अकादमी खोलना चाहे तो उसे हरियाणा सरकार द्वारा सस्ती दरों पर 5 करोड़ रुपये तक का लोन बैंकों के माध्यम से दिलवाया जाएगा, जिसके ब्याज पर दो प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए उपकरण प्रावधान योजना 2023-24 में वॉलीबॉल, फुटबाल, बास्केटबाल, हैण्डबॉल, मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो व क्रिकेट के साथ-साथ भारोत्तोलन और योग को भी शामिल किया गया है। इस योजना के तहत इन खेलों के उपकरण नगर निकायों और पंचायतों के माध्यम से आवंटित किए जाने का प्रावधान है।





**कुरुक्षेत्र।** अफसरों को संबोधित करते हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा।

### मिशन ओलम्पिक 2036 विजयी भवः योजना लाकर 36 मेडल का रखा लक्ष्य

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों के कम से कम 36 मैडल लाने के लक्ष्य से मिशन ओलम्पिक 2036 विजयी भवः योजना का आरम्भ किया जा रहा है। इसके लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब ङ्मषसह सैनी के नेतृत्व में अखाड़ों को बेहतर बनाने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष 3 सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 50 लाख, 30 लाख और 20 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर 3 सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 15 लाख, 10 लाख और 5 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।

### 10 किमी में नए गांवों व कस्बों में बनाए जाएंगे नए स्टेडियम

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि राज्य के हर इलाके में खेल सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के सभी सरकारी खेल स्टेडियमों की जीआईएस मैपिंग करवाई गई है। जहां 10 किलोमीटर तक कोई सरकारी खेल स्टेडियम उपलब्ध नहीं है, ऐसे गांवों और कस्बों में नए स्टेडियम उपलब्ध करवाने का कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य के 5 विश्वविद्यालयों, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, रेवाड़ी में नए खेल उत्कृष्टता केन्द्र खोले जाएंगें।

### 24 खिलाड़ियों को अलग अलग वर्ग में दी नौकरियां

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि 2025-26 बजट में खेलों के लिए कुल बजट 589.69 करोड़ रुपये रखा है। वर्ष 2014 से अब तक 224 खिलाड़ियों को अलग-अलग वर्ग में नौकरियां वितरित की गई हैं, इनमें वर्ग-ए की 20, वर्ग-बी की 41 और वर्ग-सी में 163 नौकरियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नकद पुरस्कार योजना के तहत वर्ष 2014 से अब तक 599.43 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स में 104 पदक जीतकर प्रदेश देशभर में प्रथम रहा

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने बताया कि 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने कुल 117 पदक जीते हैं, इनमें 39 स्वर्ण पदक, 27 रजत पदक और 51 कांस्य पदक शामिल हैं। इसी तरह दूसरे खेलो इंडिया पैरा गम्स में 174 खिलाड़ियों ने 104 पदक जीतकर देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है, इनमें 34 स्वर्ण पदक, 39 रजत पदक और 31 कांस्य पदक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की खेल नीतियों में कैश अवार्ड फॉर एनकॉरेजमेंट ऑफ स्पोर्टस पर्सन स्कीम 2024-25, एनकरेजमेंट टू माउंटेनियर्स नीति 2021, खेल नर्सरी योजना और आवासीय खेल अकादमी योजना को शामिल किया गया है।

---

## मां ने दस हजार उठाने से रोका तो नशाखोर बेटे ने बेरहमी से की पिटाई, केस



- थापी से किए कई वार
- जख्मी हालत में निजी अस्पताल में कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

यहां कृष्णा कॉलोनी में एक मां को उस समय अपने बेटे को घर से 10 हजार रुपये उठाते समय रोकना महंगा पड़ गया। तैश में आए कलयुगी बेटे ने मां की जमकर पिटाई कर दी। मां को घसीटकर कमरे में ले गया। फिर थापी यानी लकड़ी से टुकड़े से पूरे शरीर पर वार किए। इसकी वजह से महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। आरोपी बेटे के खिलाफ महिला ने पुलिस को थाने में शिकायत दी है। महिला का आरोप है कि शिकायत के बाद भी उसे बुरी तरह से पीटा गया। तेजधार हथियार से सिर पर वार कर लहूलुहान किया गया। मौके पर पहुंचे दूसरे बेटे ने मां को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया।

### यह मामला 12 जून का

महिला ने अपने पति पर भी बेटे के साथ मिलने के आरोप लगाए। यह मामला 12 जून का है लेकिन पुलिस ने अब आरोपी बेटे हुसैन व पति संजीव खान पर मामला दर्ज कर लिया। यह कार्रवाई बीएनएस की धारा 351-2 धमकी देने व 115 जानबूझकर चोट पहुंचाने आदि धाराओं के तहत की गई। पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पास दो लड़के हैं। आरोपी बेटा नशे का आदी है। 12 जून की रात को 10 हजार रुपये की राशि घर से उठाते हुए रोक दिया था। तभी बेटा उसे हाथ से पकड़कर कमरे में ले गया और बहुत मारा। वह डर के मारे मायके में रह रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

---

### हेरोइन के साथ नशातस्कर पकड़ा

यमुनानगर। हजारों रुपये की हेरोइन के साथ पुलिस ने एक नशातस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 68 हजार रुपये कीमत की 17 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरु कर दी। बुड़यिा थाना का एसआई जसविंदर सिंह ने बताया कि वह पुलिस के अन्य कर्मचारियों के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि पश्चिमी यमुना नहर पटरी पर पंचपीर रकबा के नजदीक एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 17 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान मोबिन उर्फ बाजा के रूप में हुई। एसआई जसविंदर सिंह ने बताया कि हेरोइन की कीमत बाजार में करीब 68 हजार है।

### करनालः रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

**करनाल।** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी है।

इसी कड़ी में गत दिवस खनन विभाग और हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की संयुक्त टीम में शामिल एसआई मोहन लाल, एएसआई राजेंद्र, माइनिंग गार्ड संजीव कुमार व रोहतास द्वारा चैकिंग के दौरान इंद्री के पास 6 मीट्रिक टन रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा गया। चालक राजेंद्र पुत्र बचना सिंह निवासी गांव चंद्राह के पास ट्रैक्टर-ट्राली में भरे रेत का बिल नहीं पाया गया। इसी कारण वाहन को जब्त कर एनफोर्समेंट ब्यूरो के थाने में पहुंचाया गया है। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि राजेंद्र पर 2 लाख 15 हजार का जुर्माना लगाया गया है। एक महीने में जुर्माना अदा न करने पर वाहन जब्त कर लिया जाएगा।



- दो लाख से अधिक जुर्माना

### यमुनानगर में दो बदमाशों ने श्रमिक से मारपीट कर पर्स व मोबाइल लूटा

**यमुनानगर।** सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के गांव मानकपुर के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने श्रमिक से मारपीट कर मोबाइल व पर्स लूट लिया। पर्स में 1200 रुपये व अन्य दस्तावेज थे। छोटी लाइन निवासी हिमांशु ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के नगरीया गांव का रहने वाला है। वह मानकपुर स्थित एल्युमिनियम फैक्ट्री में नौकरी करता है। रोज की तरह वह रात को वह फैक्ट्री काम करने आया था। सुबह साढ़े दस बजे फैक्ट्री से छुट्टी कर घर लौट रहा था। जब वह मानकपुर गांव के पास पहुंची तभी पीछे से बाइक पर दो बदमाश आए और उसे रोक लिया। उसके साथ मारपीट करते हुए बदमाशों ने उससे पर्स व मोबाइल छीन लिया। उसने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। मगर आरोपी भागने में कामयाब हो गए। सदर जगाधरी थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज किया है।

---

## करनाल में वारदातेंः जज के घर में भी घुस गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर में एक के बाद एक चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं। आईटीआई चौक के समीप ऑफिसर्स कॉलोनी में जेएमआईसी अनमोल कक्कड़ के घर में दो चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय जज घर पर नहीं थे, लेकिन उन्होंने सीसीटीवी कैमरे से चोरों को घर में देख लिया और तुरंत अपने रीडर को सूचना दी। रीडर सुरेश आर्य मौके पर पहुंचे तो चोर उसे देखकर पिछली दीवार फांद कर भाग गए। बाद में जांच में पाया गया कि चोर घर से 1500 रुपये नकद और करीब 2500 रुपये की आर्टिफिशियल ज्वैलरी लेकर फरार हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

### यूं पड़ी चोरों पर जज की नजर

जज अनमोल कक्कड़ ने राजपुरा (पंजाब) स्थित अपने घर से सीसीटीवी कैमरे के जरिए देखा कि करनाल स्थित उनके सरकारी आवास (कोठी नंबर 57, ऑफिसर्स कॉलोनी) में दो चोर दाखिल हो गए हैं। उन्होंने तुरंत रीडर सुरेश आर्य को सूचना दी। रीडर जब मौके पर पहुंचा तो देखा कि मेन गेट बंद था, लेकिन अंदर दो युवक दीवार कूदकर भागते नजर आए। घर के तीनों कमरों की अलमारियां खुली मिलीं और सामान बिखरा पड़ा था।

### अन्य जगहों पर भी सक्रिय

#### असंध में चाय की दुकान का ताला तोड़कर चोरी

असंध के सालवन रोड पर स्थित चाय की दुकान से चोर गैस सिलेंडर, चार पेटी कोल्ड ड्रिंक और 7300 रुपये नकदी चुराकर फरार हो गए। दुकान मालिक गुरनाम सिंह ने बताया कि वह रात को ताला लगाकर गया था, सुबह दुकान टूटी मिली।

#### बाइक को ले उड़े चोर

विकास कॉलोनी निवासी नमन ने बताया कि 10 जून को एसडी मॉडल स्कूल के पास बाइक खड़ी कर वह ग्रुप लोन की किश्त भरने गया था। लौटने पर देखा कि बाइक गायब थी। बाइक में चाबी भी लगी रह गई थी।

#### 40 हजार रुपये चोरी

निर्मल पब्लिक स्कूल में कार्यरत सूरज ने बताया कि उसने अपनी सैलरी से जोड़कर 40 हजार रुपये जमा किए थे, जिन्हें घर में रखकर वह काम पर चला गया। शाम को लौटने पर देखा कि घर से पैसे चोरी हो गए हैं।

#### पेंट फैक्टरी में वारदात

सेक्टर-4 निवासी आदर्श चौहान ने बताया कि मेरठ रोड स्थित उनकी पेंट फैक्टरी 'आरपी पेंट इंडिया' में शुक्रवार और शनिवार की रात चोरी हुई। चोर फैक्टरी से 400 लीटर पेंट और पानी की मोटर चोरी कर ले गए। उनके मुताबिक इलाके में नशेड़ी युवकों की आवाजाही रहती है, पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

---

मांग | भारतीय किसान संघ के सदस्यों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को सौंपा ज्ञापन

## किसानों के गन्ने का जल्द दिलवाया जाएगा बकाया भुगतान

- अधिकांश किसान कर्ज उठाकर आगामी फसलों को तैयार करने में लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय किसान संघ का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से रादौर स्थित उनके निवास स्थान पर मिला।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपकर गन्ना किसानों का शुगर मिलों के पास पड़ा करोड़ों रुपये का गन्ने का भुगतान करवाए जाने की मांग की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भाकिसं के प्रतिनिधिमंडल को उनके गन्ने का जल्द भुगतान करवाए जाने का आश्वासन दिया।

रविवार सुबह भारतीय किसान संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान के नेतृत्व में रादौर स्थित कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा के निवास स्थान पर पहुंचा। इस दौरान उन्होंने कृषि मंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश के शुगर मिलों के पास गन्ना किसानों का लगभग 22 करोड़ रूपया बकाया पड़ा है। जिसमें यमुनानगर शुगर मिल के पास भी गन्ना किसानों का गन्ने का बकाया भुगतान पड़ा हुआ है। जिसके कारण गन्ना किसान भुगतान नहीं होने से आगामी फसलों की पैदावार करने के लिए तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। अधिकांश किसान कर्ज उठाकर अपनी आगामी फसलों को तैयार करने में लगे हैं। मगर शुगर मिल उनके गन्ने का भुगतान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कृषि मंत्री से उनके गन्ने का भुगतान तुरंत करवाए जाने की मांग की। मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल को एक सप्ताह के भीतर उनके गन्ने का भुगतान करवाए जाने का आश्वासन दिया।



**यमुनानगर।** रादौर में रविवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को मांगपत्र सौंपते भाकिसं के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### उच्चाधिकारियों से फोन पर बातचीत की

इस दौरान कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने चंडीगढ़ में बैठे विभागीय उच्चाधिकारियों से फोन पर बातचीत की और उन्हें किसानों के गन्ने का भुगतान तुरंत करने के आदेश दिए। इस अवसर पर प्रताप सिंह खजूरी, सुशील राणा, राजकुमार, ओम प्रकाश व गोपाल राणा मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## रमेश गुप्ता बने श्री सेवक सभा करनाल के प्रधान



**करनाल।** रविवार को श्री सेवक सभा (रजि.) करनाल की मीटिंग सभा के अंतर्गत संचालित जुंडला गेट शिवपुरी में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान देसराज गुप्ता ने की। प्रधान ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों का विवरण दिया। वर्ष 2024-2025 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद प्रधान देसराज गुप्ता ने अपना और अपनी कार्यकारिणी का त्यागपत्र सभा को सौंपा। महासचिव विनोद गुप्ता ने आए हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। सदस्यों ने देसराज गुप्ता द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।



## छबील में न करें प्लास्टिक के गिलास का इस्तेमाल

**करनाल।** भीषण गर्मी में राहगीरों को जल पिलाने के लिए हांसी रोड पर दुकानदारों की ओर से ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। सेवादारों ने रास्ते से गुजर रहे लोगों को मीठा पानी पिलाया और साथ ही प्लास्टिक के डिस्पोजल का इस्तेमाल न करके स्वच्छता का संदेश भी दिया। छबील का शुभारंभ स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने राहगीरों को जल पिलाकर किया।



## रक्तदान जीवन का सबसे अमूल्य उपहार

**करनाल।** सामाजिक संस्था जेसीआई करनाल गोल्ड की ओर से श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर 7 में रक्तदान शिविर लगाया गया। कैंप में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ अन्य लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर पुण्य कमाया। डॉक्टर बताते हैं कि एक स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में चार बार रक्तदान कर सकता है। इससे शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। कैंप में प्रोजेक्ट डायरेक्टर की भूमिका जेसी डा. राजीव पंवार व जेसी कपिल गुप्ता ने अदा की।



## 19वें भंडारे की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

करनाल। बाबा राम दास जी गिरी के 119वें पावन भंडारे के आयोजन को लेकर रविवार सायं उत्तम औषधालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाबा जी के गद्दी नशीन वैद्य देवेंद्र बत्रा ने की। बैठक की शुरुआत हाल ही में हुए विमान हादसों में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट के मौन से की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं और सेवादारों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। बैठक में आगामी

---


मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का काम किया जा रहा

# मोदी सरकार के 11 वर्ष - 'संकल्प से सिद्धि तक' के तहत शक्ति केंद्र का कार्यक्रम

### हरियाणा का कोई भी जिला ऐसा नहीं है जो हाईवे से जुड़ा हुआ न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा





विधानसभा घरौंडा के मधुबन मंडल में 'मोदी सरकार के 11 वर्ष - संकल्प से सिद्धि तक' कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को शक्ति केंद्र कालरों मे आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में शक्ति केंद्र प्रमुख व कालरों जॉन के प्रभारी संदीप लोहट व उनकी टीम ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ व पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य वक्ता कुलदीप शर्मा व जगदीश राणा, जॉन प्रभारी संदीप लोहट,महामंत्री सतबीर गोस्वामी, अजय राणा, सह संयोजक सुनील मोहर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का कोई भी जिला ऐसा नहीं है जो हाईवे से जुड़ा हुआ न हो, अब कहीं पर भी जाना हो, तो समय की बचत होती है और व्यक्ति अपने स्थान पर तय समय-सीमा के अंदर पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की एक अलग पहचान बनी है और हाल ही में देश के सैनिकों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। हरियाणा सरकार में पारदर्शिता से नोकरियों में गरीब परिवार के बच्चों का सिलेक्शन बिना खर्ची व बिना पर्ची के हो रहा है।ये हरियाणा सरकार की ईमानदारी का सबूत हैं।

मुख्य वक्ता कुलदीप शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सख्त शब्दों में संदेश दिया है कि आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनुच्छेद 370 और 35-ए हटने के बाद जम्मू-कश्मीर पूरी तरह भारत के संवैधानिक और राष्ट्रीय ढांचे में एकीकृत बना है। आज भारत पूरी दुनिया में आर्थिक दृष्टि से चौथे नंबर पर है और जो आर्थिक विशेषज्ञ है उनका मानना है कि 2027 तक भारत तीसरे स्थान पर आ जाएगा। उन्होंने स्वच्छता के बारे में कहा कि अब हर घर में शौचालय है तथा उज्जवला योजना के तहत हर पात्र व्यक्ति को गैस का सिलेंडर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाया जा रहा है, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 100 प्रतिशत प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाया जा चुका है।

जगदीश राणा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 55 करोड़ लोगों को प्रति वर्ष 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज किया गया और 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ मकान बनाए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 51 करोड़ लोगों को सुरक्षा कवरेज दी गई है। पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को हर वर्ष 6,000 रुपये वार्षिक सहायता दी जा रही है, इस योजना के तहत किसानों को अब तक 3.7 लाख करोड़ रुपए वितरित किए हैं। उन्होंने



कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से 300 यूनिट मुफ्त बिजली, सौभाग्य योजना से 100 प्रतिशत घरों में बिजली कनेक्शन लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के द्वारा भारत की शिक्षा प्रणाली को विश्वस्तरीय बनाया गया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में प्रवेश चौहान ,तेजबीर सिंह, पूर्व पंच मेमपाल राणा, अशोक राणा, ठाकुर मामचन्द, सुरेश प्रजापत, बालेश देवी,अनिल कुमार, सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट नरेंद्र राणा, रामदिया कश्यप,ओमप्रकाश मराठा, ऋषिपाल,राजेश मराठा, राजबीर, नीरज, कर्ण सिंह चौहान, कमल भगत,दीपांशु, निशान्त, यश कुमार,प्रदीप व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---



## रक्तदान है महादान, 151 लोगों ने किया ये काम

- गौकर्ण गऊ सेवा संस्था ने स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गौकर्ण गऊ सेवा संस्था के स्थापना दिवस के पंच दिवसीय महोत्सव के दौरान अग्रवाल धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया गया। संस्था की ओर से स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर लगाया जाने वाला यह छठा शिविर था, जिसमें 151 लोगों ने रक्तदान किया। संस्था के प्रधान दिनेश गौकर्ण सहित कई महिलाओं ने बढ़-चढ़कर ब्लड डोनेट किया। शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को स्मृति चिह्न और सर्टिफिकेट भेंट किए गए।

### सोमवार से होगा कथा एवं कीर्तन का आयोजन

संस्था के प्रधान सेवक एवं संस्थापक दिनेश गौकर्ण ने जानकारी देते हुए बताया कि करनाल में पहली बार नानी बाई मायरो (नरसी का भात) कथा का आयोजन किया जा रहा है। 16 से 18 जून तक डिवाइन बैंक्वेट हॉल मेरठ रोड में शाम 4 से 6.30 बजे तक कथावाचक राधा श्री यह कथा सुनाएंगी। प्रतिदिन कथा के तुरंत बाद श्री बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन होगा। संकीर्तन में 40 से ज्यादा विश्व विख्यात श्याम जगत के गायक श्याम बाबा और बाला जी महाराज की महिमा का बखान करेंगे। रोजाना श्री जी की रसोई से भंडारा लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**ये लोग रहे मौजूद**

*मानव सेवा सदन फाउंडेशन से हरदीप राणा, सुभाष गुप्ता, शुभम गुप्ता, अमित गुप्ता, शिवम कौशिक, अक्षय गौकर्ण, ध्रुव गौकर्ण, आनंद गुप्ता, विनय सिंगला, प्रिंस बंसल, बोबी सिंगला, रोहित, रिषभ, जितेंद्र सिंगला, राजीव चौधरी, नीरज सिंगला, आशीष जैन, अभिषेक गौकर्ण, रजत शर्मा, राकेश जिंदल, श्री श्याम अग्रवाल (प्रयास कीर्तन), आशीष गुप्ता, मोहित गोयल, जिनेश जैन, अमन, प्रिंस बंसल, स्वर्णिम, अनुभव गोयल, प्रवीण गोयल, रोहित गौकर्ण, महेश गौकर्ण, जितेंद्र सिंगला, सागर व कृष्ण सहित गौकर्ण गऊ सेवा संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे।*

---

# अर्श गांधी की सफलता से चमका करनाल नीट परीक्षा में 51 छात्रों ने लहराया परचम

- अखिल भारतीय रैंक 11 लाकर अर्श गांधी ने बढ़ाया हरियाणा का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी 2025) में करनाल के मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन के बल पर एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। इस परीक्षा में अर्श गांधी ने अखिल भारतीय रैंक 11 प्राप्त कर न केवल करनाल, बल्कि पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। अर्श गांधी 4 सालों तक आकाश एजुकेशनल के क्लासरुम का हिस्सा रहें हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेस से जुड़े 51 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्तीर्ण होकर करनाल को गौरवान्वित किया है। इनमें तरुणाय भधाना (रैंक 2278), तुषार (रैंक 2557) और पावनी (रैंक 9290) जैसे अन्य विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों ने बताया, आकाश संस्थान की सुव्यवस्थित तैयारी प्रणाली, विशेषज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन और लगातार आयोजित अभ्यास परीक्षाओं ने हमारी सफलता सुनिश्चित की। इस अवसर पर संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सुरेंद्र चौहान ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, "यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, उनके अभिभावकों के सहयोग और हमारे शिक्षकों के समर्पण का सुफल है।

## कैंसर जागरूकता कैंप आयोजित

**करनाल।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता को बढ़ावा देने एवं समाज में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समय रहते सतर्कता और परामर्श प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष कैंसर जागरूकता एवं निशुल्क जांच शिविर का आयोजन यहां श्री कृष्ण मंदिर, सेक्टर-14 में किया गया । इस शिविर का आयोजन अमूल्य सहारा (एन.जी.ओ.), द्वारा, अमृतधारा माई हॉस्पिटल, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, डीएवी कॉलेज फॉर विमेन के संयुक्त सहयोग से किया गया। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्वेता आर्या व यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर तुषार शर्मा ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के लक्षण और उनसे निजात पाने के उपाय के बारे में चर्चा की।

# गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही पहली में मीरी-पीरी के मालिक साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर स्त्री सत्संग सभा और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से एक भव्य गुरमति समागम आयोजित हुआ। समागम में भाई बलविंदर सिंह (रागी जत्था), भाई अमृतपाल सिंह (मुख्य ग्रंथी), और भाई तजिंदर सिंह (राम नगर) ने कीर्तन और विचार प्रस्तुत किए।

दशमेश अखाड़ा द्वारा गुरुतेज सिंह खालसा की देखरेख में 2 से 12 जून तक गुरमति सिखलाई कैंप लगाए गए। इसमें लगभग 200 बच्चों ने दस्तार सजाना, गतका और गुरु इतिहास सीखा। बच्चों को बाबा सुखा सिंह कार सेवा वालों की ओर से पुरस्कार दिए गए।

गुरु नानक सेवक जत्था की ओर से निःशुल्क होम्योपैथिक मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें लगभग 170 मरीजों का चेकअप कर दवा वितरित की गई। इसमें डॉ. हरप्रकाश सिंह (अंबाला), डॉ. निर्मलदेव सिंह, डॉ. भारद्वाज (रोहतक), डॉ. हरजीत कौर (करनाल) और डॉ. जीवन लाल शर्मा (करनाल) ने सेवाएं दीं। जत्था प्रधान रतन सिंह सग्गू व हरजिंदर सिंह मिड्ढा ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से गुरुद्वारा में होम्योपैथिक डिस्पेंसरी चलाई जा रही है, जिसमें 20 में इलाज होता है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रितपाल सिंह, सरबजीत सिंह, कवलजीत सिंह, मनजीत सिंह, गुरजीत सिंह, गुरविंदर सिंह आहूजा, सतिंदरपाल सिंह, अमनदीप सिंह समेत कई सेवादार उपस्थित रहे।

---



## शिवालय में शिव स्तुति एंव पाठ किया

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ के शिवालय में शिव स्तुति का पाठ किया गया। हर हर महादेव के जयकारे लगाते श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को दूध, दही, घी, शक्कर व शहद से पंचामृत स्नान करवाया। सामुहिक तौर पर ऊँ नमः शिवाय का जाप किया गया। भोलेनाथ का श्रृंगार फूलों से किया गया। इसके बाद बेलपत्र, वस्त्र, मंजरी तुलसी व फल अर्पित किए गए। आचार्य हरीश शास्त्री ने विधिपूर्वक पूजा अर्चना करवाई। सुशील मदान ने तेरा सहारा तेरा भरोसा भोले बाबा का है, तू रख जिस हाल में तेरा शुक्र करूं भजन गाया। अनु खट्टर ने चंगा लगदा नहीं जग विच वसना गुरुजी तेरे कोल बसा गुरुजी तेरे कोल बस ना भजन गाया। अंजु बाला ने हे भोले भंडारी तेरे प्यार के सदके कैलाश में रहने वाले भोले तेरे प्यार के सदके भजन गाया। सुशील सेतिया ने राम स्तुति एवं रुद्राष्टक गाकर सबको भाव विभोर कर दिया। सायंकाल में महिला सत्संग मंडल द्वारा श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया।

# बीजना गांव में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का हुआ अनावरण

- असंध से विधायक योगेंद्र राणा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह ने महाराणा प्रताप को बताया अजेय योद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा का अनावरण करते विधायक योगेंद्र राणा।

शौर्य, वीरता ,संघर्ष और बलिदान की प्रतिमूर्ति महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा गांव बीजना में लगाई गई जिसका अनावरण असंध से विधायक योगेंद्र राणा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य गुरदीप बीजना और समस्त गांव वासियों की ओर से आए हुए अतिथियों का सम्मान का सूचक पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। राजस्थान से पहुंचे मशहूर गायक नुसरत खान ने महाराणा प्रताप की वीरता से ओत प्रोत गीत गाकर उनके शौर्य को लोगों के सामने प्रस्तुत किया। विधायक योगेंद्र राणा सोहन सिंह राणा डॉक्टर एनपी सिंह सतीश राणा केरवाली, विक्रम राणा पधाना, प्रदीप राणा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव बीजना के वासियों की ओर से चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित की है इसके लिए गांव वासी बधाई के पात्र हैं।



**करनाल।** सफाई अभियान की शुरूआत करते एसोसिएशन के सदस्य।

## रेजिडेंसी वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 32 ने सफाई अभियान शुरू किया

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की थी। देश के नागरिक इस मिशन को पूरा करने में भरसक सहयोग कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को रेजिडेंसी वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 32 करनाल ने सेक्टर में सफाई अभियान की शुरूआत की। सेक्टर के खाली पड़े प्लॉटों में पड़ी गंदगी को जेसीबी से हटवाया गया। कूड़ा कर्कट को ट्रालियों में डालकर सफाई की गई। एसोसिएशन के प्रधान मनोज सचदेवा व सचिव नीरज शर्मा ने कहा कि काफी समय से सेक्टर 32 में लोगों के मकानों के साथ जो खाली प्लाट पड़े हुए हैं। यहां गंदगी के ढेर लगे हुए थे। इस वजह से सेक्टर के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। पूरे सेक्टर में सफाई अभियान चलाया जाएगा। ब्लॉक वाइज सफाई व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

---

# करनाल में रूकीं दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता

### स्वच्छता व्यवस्था और राजनीतिक नेतृत्व की की तारीफ

**करनाल।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को पंजाब में उपचुनाव प्रचार के लिए जाते समय करनाल में कुछ देर के लिए रुकीं। एक निजी होटल में ब्रेकफास्ट के दौरान उन्होंने पंजाब सरकार पर समन्वय की कमी को लेकर तीखा हमला बोला और साथ ही करनाल की स्वच्छता और विकास व्यवस्था की खुलकर सराहना की। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली और हरियाणा के बीच गहरे संबंध हैं और दोनों राज्यों के बीच ऐसा समन्वय है जिससे दोनों को विकास का लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का सहयोग दिल्ली को हमेशा मिला है और आगे भी मिलता रहेगा। सीएम गुप्ता ने दिल्ली के विकास में हरियाणा की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि दोनों राज्यों की साझा ताकत ही क्षेत्रीय प्रगति का आधार बन रही है।

**राजनीतिक नेतृत्व की सराहना**

सीएम रेखा गुप्ता ने करनाल के राजनीतिक नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान में करनाल से विधायक जगमोहन आनंद हैं, जबकि इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर यहां से विधायक रह चुके हैं।

मैत्री मैच में गगसीना ने पाइपलाइन को दी मात

# हार और जीत एक ही सिक्के के हैं दो पहलू : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन पानीपत द्वारा आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दादा कालू पीर स्टेडियम गगसीना में वॉलीबॉल का एक मैत्री मैच खेला गया। बेस्ट ऑफ़ थ्री के इस रोचक मुकाबले में गगसीना ने उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन को 3 सैटो के मुकाबले में 2-1 से हराया। जिसमें शैलेश तिवारी कार्यकारी निदेशक उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

तिवारी ने उपस्थित खिलाड़ियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। हमें हार के बाद निराश नहीं होना चाहिए अपितु हार के बाद जीतने के लिए परिश्रम करनी चाहिए। ताकि आने वाले समय में होने वाली प्रतियोगिताओं में हम जीत दर्ज कर सकें। उन्होंने कहा कि हमें खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और दूसरे खिलाड़ियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि असली भारत गांवों में बसता है। हरियाणा के खिलाड़ी बच्चे खेल मैदान पर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर देश के लिए मेडल प्राप्त कर रहे हैं। स्टेडियम में पहुंचने पर कार्यकारी निदेशक शैलेश तिवारी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और कहा कि भविष्य में हम इस स्टेडियम में और भी पौधारोपण करेंगे। गांव में पहुंचने पर ग्राम पंचायत और खेल समिति दादा कालू पीर गगसीना द्वारा तिवारी को बुक्के और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन पानीपत और गगसीना के मध्य खेला गया बेस्ट ऑफ़ थ्री का मैत्री मैच बड़ा ही रोचक रहा। पहले सैट में गगसीना ने 25 के मुक़ाबले 23 प्वाइंटों से उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन को मात दी। दूसरे सैट में पाइपलाइन ने गगसीना को 25 के मुकाबले 22 प्वाइंटों से हराया जबकि तीसरे सैट में गगसीना ने पाइपलाइन को 25 के मुकाबले 21 प्वाइंटों से हराकर मैत्री मैच ट्रॉफी पर अपना कब्जा कर लिया।





## खबर संक्षेप

### यूपी प्रवासी किशोरी लापता, तलाश शुरू

**पानीपत।** पानीपत के गांव बलाना में निवास का रहे उत्तर प्रदेश के प्रवासी परिवार की नाबालिग बेटी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी को एक युवक बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। इसराना थाना पुलिस ने आरोपी युवक पर केस दर्ज कर लडकी व लडके की तलाश शुरू कर दी है।

### जेवर लेकर विवाहिता फरार, केस दर्ज

**पानीपत।** समालखा थाना क्षेत्र एक गांव से विवाहिता अपने पति और दो बच्चों को छोड़कर घर से फरार हो गई। महिला घर से 15 तोल सोना व बीस हजार की नगदी भी ले गई। पुलिस को दी शिकायत में पति ने शक जताया कि गांव का ही अजय उनकी पत्नी को बहला फुसला का अपने साथ ले गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

### पानीपत से किशोरी लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव ब्राहमण माजरा में निवास कर रहे पश्चिम बंगाल के मूल निवासी व्यक्ति की 15 वर्षीय बेटी को एक युवक बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। पिता की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज कर किशोरी व आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### लूट के आरोपी दो किशोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने जिमखाना क्लब के पास श्रमिक पर चाकू से हमला कर नगदी व मोबाइल लूट मामले में और दो नाबालिक आरोपियों को गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में दोनों नाबालिग सहित चारों आरोपियों ने उक्त वारदात के अतिरिक्त मित्तल मेगा माल व ग्रीन पार्क के बाहर से बाइक चोरी की तीन वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

### क्रांतिकारी चेग्वेरा को याद किया

**पानीपत।** भगत सिंह स्मारक स्वतंत्रता सेनानी टीका राम सखुन सभागार में विश्व नायक प्रसिद्ध क्रांतिकारी चेग्वेरा के जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि सभा की गई। वहीं, जिला सचिव भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी एडवोकेट पवन कुमार सैनी, पार्टी के राज्य सचिव का. दरियाव सिंह कश्यप, भूपेन्द्र कश्यप, सतीश यादव, नत्थू राम यादव, बलबीर सिंह, ओम सिंह यादव, राम दास आदि ने चे ग्वेरा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### विधायक भड़ाना का आभार जताया

**पानीपत।** भाजपा जिला किसान मोर्चा प्रभारी जगबीर आर्य ने समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना का धन्यवाद करते हुए बताया की सनौली खुर्द हाईवे तीन वर्षों से टूटा हुआ था। जिसे स्थानीय निवासियों और दूसरे राहगिरों को भी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता था। आर्य ने बताया कि विधायक मनमोहन भड़ाना के सहयोग से यह सड़क बनी है, इसक लिए उन्होंने भड़ाना का आभार जताया।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर अपराध पर जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी के इस युग में हर कोई मोबाइल कंप्यूटर से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट की इस दुनिया में साइबर अपराधी भी तरह तरह हथकंडे अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातों का अंजाम दे रहें है।

# मुख्यमंत्री को अस्पताल के अवैध निर्माण की शिकायत साक्ष्यों के साथ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेज कर समालखा जीटी रोड पर बने 100 बेड हस्पताल निर्माण में फजीवाड़े के आरोप लगाते हुए इसे तत्काल ध्वस्त करने व पालिका अधिकारियों, तहसीलदार को अरेस्ट करने की मांग की है। शिकायत की प्रतियां कमिश्नर नगर निगम डॉ. पंकज यादव व डीजीपी (एंटी करप्शन ब्यूरो), डीजीपी (सीएम फ्लाइंग स्क्वाइड) को भी भेजी हैं। कपूर ने शिकायत में बताया कि प्लॉट विक्रेता की भूमि इंडस्ट्रीयल एरिया में एचएसआईआईडीसी रोड पर किला 20//25/2 में स्थित है। इसके साथ पूर्व दिशा में लगता प्लॉट नगर पालिका की मलकियती 640/ वर्ग गज भूमि किला




समालखा में अवैध तरीके से बना अस्पताल का भवन।

नंबर 19//21 में है और इसका फ्रंट जीटी रोड पर है। विक्रेता और खरीददार ने अपने प्लॉट का फ्रंट जीटी रोड पर बनाने के लालच में साथ लगती नगर पालिका की भूमि के हिस्से को भी अपने प्लॉट में दिखाते हुए रजिस्ट्री में फ्रंट जीटी रोड बता कर रजिस्ट्री के लिए प्रलेख तहसीलदार को पेश किया। इस प्रलेख में नगर पालिका की मलकियती भूमि किला नंबर 19//21 में होते हुए भी तहसीलदार ने मिलीभगत से रजिस्टर्ड करके घपले को अंजाम दिया। इससे पहले विक्रेता ने इसी प्रकार फजीवाड़े से नगर पालिका

#### पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट में केस डाल कर पल्ला झाड़ा

*कपूर ने आरोप लगाया कि पालिका अधिकारियों ने मिलीभगत करके पहले तो प्रॉपर्टी आईडी,नो ड्यूज सर्टिफिकेट जारी किए व भवन निर्माण का नक्शा स्वीकृत कराया। वहीं, घोटाला उजागर होने के बावजूद नगर पालिका अधिकारियों ने न तो नक्शा रद्द किया, न बिल्डिंग सील की, न ही प्रॉपर्टी आईडी व एनडीसी रद्द की न ही बिल्डिंग को ध्वस्त करने की कारवाई की। इतने बड़े घोटाले पर लीपापोती खाना पूर्ति करते हुए निशान देही करवा कर एसडीएम कोर्ट में पालिका भूमि छुड़वाने के लिए पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट में केस डाल कर अपना पल्ला झाड़ लिया।*

अधिकारियों से मिलीभगत करके इस 911 वर्ग गज प्लॉट की प्रॉपर्टी आईडी व एनडीसी अपने नाम बनवा ली। आरोप लगाया कि घूस खोरी के चलते पालिका अधिकारियों ने यह भी नहीं देखा कि इस 911 वर्ग गज में जीटी रोड फ्रंट वाली 50 वर्ग गज भूमि तो नगर पालिका की है। पालिका चेयरमैन भी चुप रहा और कोई ठोस कारवाईं नहीं की। कपूर ने बताया कि हरियाणा बिल्डिंग कोड-2017 के मुताबिक बिल्डिंग कम्प्लीशन सर्टिफिकेट देकर ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य है। इसके बगैर मालिक भवन में प्रवेश नहीं कर सकता और भवन निर्माण अवैध मान कर बिल्डिंग सील कर दी जाती है। अस्पताल भवन मालिकों ने नगर पालिका से ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट लिए बगैर ही अस्पताल शुरु कर दिया। आरोपी ने 90 फीसदी एरिया कवर्ड कर दिया। 100 बेड के अस्पताल के लिए नियमानुसार वाहन पार्किंग भी नहीं बनवाई।

### योग दिवस की तैयारियां जोरों पर : उपायुक्त

**पानीपत।** पानीपत के शिवाजी स्टेडियम मे 21 जून को 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर प्रशासन द्वारा बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि योग का यह कार्यक्रम बहुत ही बेहतर और शानदार रहेगा। इसको लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। योगा कॉर्डिनेटर डॉ. संजय राजपाल ने बताया कि सोमवार को सवेरे सात बजे जिला सचिवालय के पार्क में विभागों के अधिकारियों को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल को फॉलो किया जाएगा।

### हर घर नैनो हर्बल गार्डन अभियान चलाया जा रहा

# ग्रीनमैन प्रो. दलजीत ने शिक्षा मंत्री को आयुर्वेदिक पौधे भेंट किए

- प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन के नाम से विख्यात दलजीत कुमार ने घर-घर प्राचीन आयुर्वेद को पहुंचाने के लिए हर घर नैनो हर्बल गार्डन अभियान चल रहा है। वहीं, प्रो. दलजीत जहां स्कूलों, महाविद्यालयो, अस्पतालों व सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण व हर्बल गार्डन, हर्बल बॉटनिकल गार्डन, हर्बल मेडिटेशनल गार्डन, ऑक्सीजन बाग निजीकोष से बना



पानीपत। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को हर्बल पौधे भेंट करते हुए।

रहे हैं वहीं दूसरी तरफ हर घर हर्बल-100 घर नैनो हर्बल गार्डन अभियान के अंतर्गत घर-घर हर्बल पौधे वितरण करके प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व बारे में लोगों को जागरूक कर रहे है। प्रो. दलजीत ने बताया कि गत वर्ष बीस फरवरी से आरम्भ की गई मुहीम के तहत गणमान्य लोगों को हर्बल पौधे वितरित करके घर में नैनो हर्बल गार्डन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा चुका है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और आर्य कॉलेज पानीपत के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता को पांच प्रकार की तुलसी, इन्सुलिन, इलायची, अजवाइन, मोरिंगा, कड़ी पत्ता सहित 11-11 पौधे घर में नैनो हर्बल गार्डन स्थापित करने के लिए भेंट किए।



पानीपत। आर्य समाज, खैल बाजार की नई कार्यकारणी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

# आर्य समाज खैल बाजार की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

- हरचरण दास अरोड़ा ने मंत्री मंडल को शपथ दिलाई और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया
- कार्यकर्ता प्रधान बलराज एलावाधी ने अधूरे पड़े कार्यों को पूर्ण करने की जिम्मेदारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य समाज गुरु विरजानंद भवन खैल बाजार की नई कार्यकारणी के शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ यज्ञ कर किया गया। वहीं, हरचरण दास अरोड़ा ने मंत्री मंडल को शपथ दिलाई और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। नवनियुक्त प्रधान राजेश आहूजा ने शपथ लेते हुए महर्षि दयानंद सरस्वती के बनाए आर्य समाज के नियमों पर चलते हुए समाज के कार्यों को गतिमान बनाने की शपथ ली। संरक्षक आत्म प्रकाश आर्य ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यकर्ता प्रधान बलराज एलावाधी ने अधूरे पड़े कार्यों को पूर्ण करने की जिम्मेदारी ली। वहीं नव सदस्यों को सम्मानित किया गया। नई कार्यकारणी में संरक्षक आत्म प्रकाश आर्य व महेंद्र ढींगरा, प्रधान राजेश आहूजा, कार्यकर्ता प्रधान बलराज एलावाधी, उप प्रधान अशोक वर्मा, लक्ष्मी कांत, मंत्री सुनील बत्रा, सह मंत्री पंकज आर्या, प्रचार मंत्री राजेश आर्य, कोषाध्यक्ष ललित वर्मा, सह कोषाध्यक्ष मनोहर लाल आहूजा, यज्ञ व्यवस्थापक जगदीश सखूजा व नरेंद्र खट्टर, निरीक्षक प्रवीन मल्होत्रा, खाद्य राजीव आर्य, जितेंद्र आर्य आदि शामिल रहे।

# जौरासी गांव में पानी के संकट से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत के गांव जौरासी में सन 1995 में बनाई गई पानी की टंकी पिछले डेढ़ वर्ष से बंद पड़ी है। ट्यूबवेल का बोर फेल होने से आधे गांव में पेयजल की आपूर्ति ठप है। पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीण भीषण गर्मी में परेशान हैं।

ग्रामीण राममेहर, नरेंद्र, वीरेन्द्र, लहणा, रोशन, बिट्टू, राम कुमार, बलबीर, सुखबीर ने बताया कि पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीण परेशान है। ट्यूबवेल का बोर खराब होने से लोगों को अपने और पशुओं के लिए पाने माहरे वाले जोहड़ के किनारे लगे नलकूप से पानी लाना पड़ रहा है। दूसरी ओर, गांव के सरपंच धर्मपाल ने बताया कि उन्होंने पीने के पानी की समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत से नई टंकी बनाने का प्रस्ताव पारित कर जन स्वास्थ्य विभाग को भेज दिया है।

जन स्वास्थ्य विभाग समालखा के एसडीओ मोहित शर्मा के अनुसार, गांव में नया ट्यूबवेल लगाने का एस्टीमेट पास हो चुका है। अगले महीने मुख्यमंत्री सैनिटरी बोर्ड की बैठक में फंड आवंटित किए जाने के बाद तुरंत टेंडर जारी कर काम शुरू कर दिया जाएगा।

# कमेरे वर्ग के हित में काम करे केंद्र सरकार: जय

- आशा वर्कर्स यूनियन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन संपन हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव सिवाह स्थित डा. अंबेडकर भवन में संपन्न हुए सम्मेलन में आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की प्रधान सुनीता, महासचिव सुरेखा व कोषाध्यक्ष अनीता को बनाया गया जबकि रानी, प्रवेश, सुधा, मीरा को उपाध्यक्ष, सुदेश, कमलेश, अनीता, राजबाला को सचिव चुना गया। सम्मेलन का समापन सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य




आशा वर्कर्स यूनियन के राज्य स्तरीय सम्मेलन में एकता का परिचय देती हुई यूनियन की सदस्य।

सरकार जब तक पूंजीपतियों की गोद में बैठी रहेगी तब तक देश की 80 फीसदी मेहनकश आबादी की जिंदगी नहीं बदल सकती। केंद्र सरकार कमेरे वर्ग के हित में काम करें। आर्थिक नीतियों के बदलाव के बिना स्थाई रोजगार और सम्मानजनक जीवन के लिए बेहतर वेतन दूर की बात है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में मजदूरों और महानकशों का सबसे बड़ा योगदान है। लेकिन भाजपा इन्हीं हिस्सों पर हमलावर है। न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर 20 जून को जिलों में प्रदर्शन होंगे। इस अवसर पर सुरेंद्र मलिक, सुनील दत्त, जोगेंद्र भोला, राजेंद्र, राजपाल, जयभगवान, ओमपाल, रोहतास, जयकरण कादियान, बंटी, कविता व सुमन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं सम्मेलन में सभी वक्तओं ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार को मजदूर व कर्मचारी विरोधी बताते हुए यूनियन को मजबूत बनाए रखें।

# सतगुरु कबीर साहेब प्रकाश दिवस पर शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सतगुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में 11 वार्ड स्थित कबीर मन्दिर धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धानक समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मेयर कोमल सैनी और शहरी विधायक प्रमोद विज के पुत्र राहुल विज मुख्य अतिथि जबकि मेयर पति दिनेश सैनी, वार्ड के पार्षद कमल अरोड़ा विशिष्ठ अतिथि रहे। कार्यक्रम राष्ट्रीय कबीरपंथी समाज सभा के राष्ट्रीय



अध्यक्ष सुभाष कबीरपंथी की देखरेख में हुआ। जिसकी जिम्मेदारी धर्मशाला के युवा प्रधान रवि कुमार ने निभाई। मेयर कोमल सैनी व राहुल विज सहित सभी अतिथियों का फूल माला से स्वागत व स्मृति चिह्न के रूप में सदगुरु कबीर साहेब का चित्र भेंट का सम्मानित किया। भंडारे के बाद 11 वार्ड से शोभायात्रा निकाली गई जो माटा चौक से गुड मंडी होते हुए 11 वार्ड में जाकर समापन हुआ। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि संतों के दिखाए मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति व समाज कभी किसी से पीछे नहीं रह सकता। वहीं समाज को भी जागरूकता आंदोलन चलाने वाले संतों व समाजसेवियों को समय-समय पर याद करते रहना चाहिए।

# डा. रोहित ने नौकरी छोड़ स्वदेश सेवा को चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एक और जहां आज के युवा विदेशों में जाकर नौकरी करने के लिए हर प्रकार को जोखिम उठाने को तैयार है वहीं दूसरी और बापौली गांव के युवा डा. रोहित मलिक ने ब्रिटेन की राजधानी लंदन स्थित इंपेरियल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर की नौकरी छोड़कर स्वदेश में नौकरी कर देश सेवा करने का मन बनाया है और इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने दिन रात मेहनत की और अब डा. रोहित मलिक का चयन आईआईटी वाराणसी में अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है अब डा.



डा. रोहित मलिक को मिठाई खिलाते हुए परिजन, रिश्तेदार व दोस्त आदि।

मलिक आईआईटी में देश के लिए मेधावी इंजीनियरों को तैयार करेगे। वहीं, डा रोहित के पिता बिजली निगम से रिटायर्ड एसडीओ राजेन्द्र मलिक है। जबकि डा रोहित ने बीटेक मुरथल से और एमटेक आईआईटी रूडकी से की है। जबकि पीएचडी की साऊथ कोरिया से की है।

# सोनू छतरी बने जाट महासभा के सनौली-बापौली ब्लाक के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अखिल भारतीय जाट महासभा हरियाणा द्वारा गांव कुराड़ निवासी सोनू छतरी उर्फ विजय देशवाल को सनौली-बापौली ब्लॉक का प्रधान नियुक्त किए जाने पर आज उनका गांव कुराड़ स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। वहीं स्वागत समारोह में महासभा के जिला अध्यक्ष बृजपाल उर्फ बिंटू मलिक द्वारा सोनू उर्फ विजय देशवाल छतरी को नियुक्ति



पानीपत। जाट महासभा के जिला प्रधान बिंटू मलिक, सोनू छतरी को नियुक्ति पत्र देते हुए।

पत्र भी सौंपा गया। जाट महासभा के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सोनू देशवाल छतरी बाबा को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए जिला अध्यक्ष बिंटू मलिक ने कहा कि महासभा के सभी पदाधिकारी आशा करते हैं कि सोनू समाज के उत्थान एवं जागरूकता के लिए पूरी मेहनत एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे तथा अपने पद की गरिमा बनाए रखेंगे। इस अवसर पर रघवीर, रवींद्र देशवाल, बलवान देशवाल, बिंद्रा देशवाल, राजा देशवाल, सुरेंद्र फौर, सन्नी देशवाल, दीपू फौर, गौरव देशवाल, पवन देशवाल, अंशुल, अंकित व मोनू देशवाल आदि उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन

# समाज के लिए बुजुर्ग उसकी आन-बान व शान होते हैं: रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

छह जुलाई रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन एसडी विधा मन्दिर स्कूल पानीपत में किया जाएगा। इसको लेकर ब्राहमण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने आज गांव छदिया, जौरासी, शिमला गुजरान व बिहोली आदि में न्योता दिया। प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने



पानीपत। ब्राहमण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम, गांव छदिया निवासियों को न्योता देते हुए रोहित गौतम व अन्य। फोटो :हरिभूमि

कहा कि हरियाणा में बड़े-बुजुर्गों को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। बुजुर्ग कितने कष्ट झेलकर समाज व बच्चों की बेहतरी के लिए कार्य करते हैं। कहा भी गया है और महाभारत में देखा भी गया है कि जिस घर व समाज में बुजुर्गों को सम्मान नहीं मिलता वह मिट जाया करता है। इसके अलावा हर समाज के लिए उसके बुजुर्ग उसकी आन-बान व शान होते हैं। इसलिए आगामी 6 जुलाई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्गों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान समाज हित के कार्यों के लिए बुजुर्गों से सुझाव लिए जाएंगे। इससे पहले ग्रामीणों ने प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया,जबकि उन्होंने पगड़ी का सम्मान करते हुए ब्राहमण सभा के पूर्व प्रधान सुरेन्द्र शर्मा सनौली को पगड़ी पहनाते हुए कहा कि हमें पहले अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर अशोक वत्स, दिनेश, जेपी गौड़, नरेश, जितेन्द्र शर्मा जौरासी, आनन्द आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सुभाष रामगढ़ चुने गए सहकारी बैंक निदेशक

**पिहोवा।** दी कुरुक्षेत्र केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक मंडल चुनाव में सुभाष चंद मेहला रामगढ़ रोड को जॉन 5 से डायरेक्टर चुना गया है। सुभाष चंद पूर्व वित्त मंत्री हरमोहिंद्र सिंह चट्ठा और विधायक मनदीप चट्ठा के खेमे से हैं। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। रविवार को हुए चुनाव में सुभाष चंद को 12 में से 8 वोट हासिल हुए। सुभाष अनाज मंडी के व्यापारी भी हैं। उनके चुने जाने से व्यापारी वर्ग में भी उत्साह है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा की बैंक की आर्थिक ऋण संबंधी योजनाओं को किसानों एवं उपभोक्ताओं तक पारदर्शिता पूर्वक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित किया जाए।

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर साढ़े 9 लाख हडपे

**कैथल।** कलायत पुलिस ने ने एक युवक को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर साढ़े 9 लाख रुपए हड़पने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कलायत के रहने वाले आकाश ने पुलिस को बताया कि उसने ऑस्ट्रेलिया का टूरिस्ट वीजा लगवाने के लिए गांव राजापुर जिला पानीपत निवासी गुरपेज सिंह के साथ 14 लाख रुपए में बात की थी।

### पिस्तौल तथा जिंदा कारतूस के साथ एक काबू

**जींद।** सीआइए स्टाफ ने गांव कंडेला के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव कंडेला के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो युवक उन्हे देख कर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### पिकअप गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर दो घायल

**जींद।** सफीदों नहर पटरी पर पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। शहर थाना सफीदों पुलिस शिकायत के आधार पर फरार पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव रोजला निवासी अक्षय ने बताया कि शाम को वह बाइक पर सवार होकर सफीदों से गांव लौट रहा था। रास्ते में गांव हाडवा निवासी अमित ने उससे लिफ्ट ले ली। जब वह नहर पर पटरी पर पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए।

### टावर से पांच बैटरी चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव झील टावर से पांच बैटरियां गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। टावर कंपनी के मैनेजर कमल ने बताया कि उनकी कंपनी ने गांव झील में टावर लगाया हुआ है। बीती रात चोरों ने टावर से पांच बैटरियों को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने कमल की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

## ग्रामीण मतदाताओं ने भीषण गर्मी में भी दिखाया उत्साह

### गांव सज्जन माजरी में जगदीश बने नए सरपंच

- पुलिस की सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से ग्रामीणों ने उप चुनाव में चुना सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव सज्जन माजरी में रविवार को हुए सरपंच पद के उप चुनाव में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कड़ी धूप और भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीणों ने लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। गांव के कुल 357 मतदाताओं में से केवल 286 मतदाताओं (138 महिलाओं व 148 पुरुषों) ने मताधिकार का प्रयोग किया।

बता दे कि इस बार के सरपंच पद के उपचुनाव में कुल तीन उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें से जगदीश को विजयी घोषित किया गया। जगदीश ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सतीश कुमार को 58 वोटों से हराकर जीत हासिल की। इस चुनाव में जगदीश को 166, दर्शन लाल को 11, सतीश को 108 और नोटा को एक वोट पड़ा।जीत की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव में ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया गया और मिठाइयां बांटी गईं। जगदीश ने अपनी जीत को गांव की जनता की जीत बताया। कहा कि वे सभी वर्गों के साथ मिलकर गांव के विकास के लिए कार्य करेंगे।

चुनाव के दौरान स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मतदान केंद्र पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रशासन के उच्च अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। चुनाव आयोग की ओर से मतदान केंद्र पर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विशेष सुविधाएं मुहैया कराई गईं। चुनाव प्रक्रिया सुबह 8 बजे शुरू हुई और शाम 6 बजे तक शांतिपूर्वक ढंग से चली। मतदान में सुबह 11 बजे तक मतदाताओं की अच्छी भीड़ देखने को मिली, लेकिन दोपहर को मतदाताओं की संख्या कम हो गई। 3 बजे के बाद एक बार फिर से मतदाताओं ने मतदान केन्द्र का रुख़ कर अपने मत का प्रयोग किया। शाम छह बजे के तुरंत बाद ही मतगणना का कार्य किया गया। चुनाव अधिकारी संदीप कौशिक एसडीओ पंचायती राज व अन्य अधिकारियों की निगरानी में गिनती हुई। बाद में जगदीश को विजयी घोषित किया गया। गांववासियों ने इस बार विकास और ईमानदारी को प्राथमिकता देते हुए मतदान किया। नव-निर्वाचित सरपंच जगदीश ने कहा कि उनकी प्राथमिकता साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शिक्षा व युवाओं के लिए खेल सुविधाओं को बढ़ावा देना रहेगी।






बराड़ा। मतदान केंद्र पर तैनात सुरक्षा बल तथा जगदीश की जीत पर जश्न मनाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### सहयोग की अपील

उन्होंने सभी ग्रामीणों का धन्यवाद किया और सहयोग की अपील की। सज्जन माजरी गांव ने एक बार फिर लोकतांत्रिक परंपराओं को निभाते हुए अपने नेतृत्व का चयन कर एक मिसाल पेश की है। पिछले चुनावों में अशोक कुमार सरपंच चुने गए थे लेकिन उनके शैक्षणिक प्रमाणपत्रों को लेकर उठे विवाद के चलते मामला आरटीआई और फिर न्यायालय तक पहुंचा। इस बीच अशोक का आकस्मिक निधन हो गया था। तभी से यह पद रिक्त हो गया था।अब गांव को नया नेतृत्व मिल चुका है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि नवनिर्वाचित सरपंच जगदीश गांव के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे।

### आजमपुर के सरपंच बने नवजोत सैनी



**नारायणगढ़।** गांव आजमपुर में सरपंच पद के लिए रविवार को संपन्न हुए उपचुनाव में नवजोत सैनी उर्फ नवीन विजयी रहे। बीडीपीओ जोगेश कुमार ने बताया कि गांव आजमपुर में कुल 314 मतों में से 277 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। नवजोत सैनी को 195 मत प्राप्त हुए। उनके प्रतिद्वंदी ऋषिपाल सैनी को 82 मत प्राप्त हुए। बता दें कि ग्राम पंचायत आजमपुर में 6 पंचायत सदस्य पहले ही सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित कर दिए गए थे। उनमें सुरेन्द्र सैनी, सुरेश सैनी, बलविंद्र तथा महिला सदस्य सुदेश सैनी, सुरेश देवी तथा उर्मिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई थी।

## आईटीआई होली में दाखिले को लेकर युवाओं में उत्साह



बराड़ा। आईटीआई संस्थान में दाखिले के लिए आवेदन करते विद्यार्थी।

- अब तक 450 से अधिक आवेदन प्राप्त, इलेक्ट्रिशियन ट्रेड लेने के लिए ज्यादा होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) होली में नए शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया पूरे जोर-शोर से चल रही है। युवाओं में तकनीकी शिक्षा को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

संस्थान की कुल 540 सीटों के मुकाबले शुक्रवार तक 450 से अधिक ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इस वर्ष संस्थान में 19 विभिन्न ट्रेड्स के लिए आवेदन आ चुके हैं। सबसे अधिक 112 आवेदन इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) के लिए 47, वायरमैन के लिए 41, ऑटोमोबाइल और फिटर ट्रेड्स के लिए 40-40, एमएमवी के लिए 32 तथा मैकेनिक डीज़ल के लिए 30 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। अन्य ट्रेड्स में भी अभ्यर्थियों की रुचि दिखाई दी है। इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक (18), स्टेनो हिंदी (17), वेल्डर (15), मशीनिस्ट और ड्राफ्ट्समैन सिविल (12-12), इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मैकेनिक (10), टर्नर (8), पेंटर जनरल और इलेक्ट्रिशियन ड्यूल (4-4), सिविल ड्राफ्ट्समैन और प्लंबर (3-3), एसएमओटी (2) तथा ड्रेस मेकिंग (1) आवेदन आ चुका है।

#### तकनीकी शिक्षा के प्रति युवाओं की रुचि

इस बार का रुझान यह दर्शाता है कि तकनीकी शिक्षा के प्रति युवाओं की रुचि लगातार बढ़ रही है। दाख़िले की अंतिम तिथि 20 जून 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी समय रहते आवेदन करें, ताकि वे अपनी पसंद के ट्रेड में प्रवेश प्राप्त कर सकें। हमारा उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

- सुल्तान सिंह, प्रिंसिपल, राजकीय आईटीआई

## कर्म के बदले फल की आशा न छोड़े जीव

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आयोजित हुआ साप्ताहिक सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

रविवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में सत्संग का आयोजन किया गया। आशुतोष महाराज परम् शिष्या साध्वी सुश्री रेनू भारती और सीमा भारती ने संगत को गुरू की वाणी से निहाल किया। उन्होंने साध संगत को बताया कि मनुष्य को हमेशा कर्म में लगे रहना चाहिए।

कभी भी कर्म के बदले मिलने वाले फल की आशा नहीं छोड़नी चाहिए क्योंकि कर्म करना हमारा धर्म है,तो फल पाना हमारा सौभाग्य है। जिस प्रकार तेज़ हवा के कारण सागर में बड़ी-बड़ी लहरें उठती हैं। फिर सागर में समा जाती हैं उनका अलग अस्तित्व नहीं होता। इसी प्रकार परमात्मा के बिना मानव का भी कोई अस्तित्व नहीं है। कभी भी अपने अंदर अभिमान को जन्म न दे। एक छोटी सी चींटी शक्कर के दानों को बीन सकती हैं परन्तु एक विशालकाय हाथी ऐसा नहीं कर सकता। मोह माया मे फंसा जीव भटकता रहता है। इस माया को बनाने वाला ही मुक्ति दाता है। जिस प्रकार भ्रम के कारण सांप और रस्सी तथा सोने के गहने और सोने में अंतर नहीं जाना जाता किंतु भ्रम दूर होते ही इनका अन्तर ज्ञात हो जाता है। उसी प्रकार अज्ञानता के हटते ही मानव आत्मा, परमात्मा का मार्ग जान जाती है।साध्वी हेमसुदा भारती ने बताया कि अंबाला शहर के रामबाग ग्राउंड में सात दिवसीय श्रीमददेवी भागवत कथा 15 से 21 जून तक होगी।



अंबाला। प्रवचन करती साध्वियां ।

## आदतन चोरी की वारदातें करने वाले को किया काबू

- सीआईए – 2 की टीम को मिली बड़ी कामयाबी
- छह मामलों में पहले से वांछित, लगभग चार मामलों में अदालत ने किया पीओ घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बार-बार चोरी करने तथा अन्य आपराधिक वारदातों में शामिल रहने वाले आरोपी को आखिरकार सीआईए -2 की टीम ने काबू करर लिया। आरोपी लगातार थाना महेश नगर में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था।

इस आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम लगातार काम कर रही थी 1 पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने थाना महेश नगर क्षेत्र में कई चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है 1आरोपी बेहद शातिर बताया जा रहा है। वह पहले भी कई मामलों में पकड़ा गया है। अदालत द्वारा उसे पीओ घोषित हो चुका है 1 दरअसल सीआईए -2 थाना महेश नगर के मुकदमा नंबर 153 28 मई 2025 धारा 305,331,317,238 बीएनएस के तहत दर्ज मामले में आरोपी अंकुश उर्फ धुर्मी वासी गली नंबर 1 डेहा कॉलोनी अंबाला छावनी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी से एक मंगलसूत्र सोना एक सेट टॉप्स सोना और दस हजार रुपए नकदी बरामद की है 1 न्यू दयालबाग के रहने वाले सुमित कुमार झा ने 28 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सुबह करीब 10:30 बजे वह अपने परिवार के साथ मंदिर गया था। जब वापिस घर आकर देखा तो घर की कुंडी टूटी हुई थी। ूरा सामान बिखरा पड़ा था। चोर ने घर से जेवरात व नकदी चोरी कर ली है 1 इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गहने व नकदी बरामद कर ली है 1 पुलिस के मुताबिक आरोपी अंकुश के खिलाफ चोरी के करीब एक दर्जन केस दर्ज हैं। वह आदतन चोरी की वारदातें अंजाम देता है। उसने बताया कि काफी समय से पुलिस को उसकी तलाश थी। कई मामलों में वह पीओ चल रहा था।




अंबाला। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी अंकुश।

## बाल विवाह से पहले रोकी शादी

**करनाल।** करनाल के बांसा गांव में एक नाबालिग लड़की की शादी होने जा रही थी, लेकिन शादी से ठीक 18 दिन पहले चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सक्रियता से यह बाल विवाह रुक गया। टीम ने समय रहते मौके पर पहुंचकर लड़की को रेस्क्यू कर लिया।

- करनाल के बांसा गांव में नाबालिग लड़की को किया रेस्क्यू

जानकारी के अनुसार, गांव में रविवार को दो बहनों की शादी होनी थी, जिनमें से एक लड़की नाबालिग थी। बारात भी उसी दिन पहुंचने वाली थी, लेकिन के चेयरमैन उमेश चावला को जैसे ही सूचना मिली, उन्होंने तत्काल टीम को सक्रिय कर पुलिस के साथ गांव भेजा। टीम ने मौके पर पहुंचकर सबसे पहले लड़की का जन्म प्रमाण पत्र और 10वीं कक्षा की मार्कशीट जांची, जिससे उसकी उम्र नाबालिग मिली।

### परिवार ने दी लिखित सहमति

कार्रवाई के बाद लड़की के परिवार वालों ने कमेटी को लिखित में आश्वासन दिया कि अब उसकी शादी बालिग होने के बाद ही की जाएगी। चेयरमैन उमेश चावला ने कहा कि अब सरपंचों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएंगे कि गांव में किसी भी लड़की की शादी से पहले उसकी उम्र की जांच सुनिश्चित की जाए। चेयरमैन चावला ने साफ कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले को लेकर गांवों में विशेष निगरानी रखी जाएगी और जहां भी ऐसी सूचना मिलेगी, वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## विमान हादसे में जान गंवाने वाली अंजू शर्मा का अंतिम संस्कार

**कुरुक्षेत्र।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वाली रामसरण माजरा की बेटी अंजू शर्मा का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके निवास बड़ोदरा गुजरात में गमगीन माहौल में किया गया। अंतिम विदाई के समय हर आंख नम थी और पूरे शहर मे शोक की लहर दौड़ गई।

अंजू शर्मा की अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। सबसे मार्मिक क्षण तब आया जब उनकी बेटी ने विधिवत रीति-रिवाज के साथ अपनी मां को मुखाग्नि दी। इस दृश्य ने वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखों में आंसू ला दिए। अंजू के भाई मिलन शर्मा ने बताया कि अंजू शर्मा एक सशक्त और प्रेरणादायक बहन व बेटी थीं, जिन्होंने हमेशा अपने परिवार और समाज के लिए समर्पण भाव से कार्य किया। उनकी असामयिक मृत्यु ने सभी को गहरे दुख में डाल दिया है। उनकी छोटी बहन मिलु शर्मा ने बताया की प्लेन कृश होने से कुछ देर पहले अंजू ने उन्हे फोन किया था लेकिन काम मे व्यस्त होने के कारण वें फोन नहीं उठा सकी।

## युवाओं को सेना में भर्ती के लिए किया प्रेरित

- मेजर जनरल केपी सिंह ने किया सामुदायिक केंद्र का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित मेजर जनरल केपी सिंह अपर महानिदेशक (भर्ती) मुख्यालय ने रविवार को सामुदायिक केंद्र का दौरा किया। इस अवसर पर क्षेत्र के पास के चार अलग-अलग स्कूलों के कुल 240 छात्र उपस्थित थे।

उन्होंने युवा छात्रों को अग्निपथ स्कीम और नियमित कैडर के तहत भारतीय सेना में शामिल होने के लिए मार्गदर्शन करने के साथ-साथ प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना वीरता और साहस का पर्याय है। इसने ऑपरेशन सिंदूर में फिर से अपनी योग्यता साबित की है। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना की बेजोड़ गुणवत्ता राष्ट्र की सेवा करने के साथ - साथ व्यक्तिगत विकास का भी अवसर देती है। उन्होंने बताया की युवा अधिकारी के रूप में भी भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा कर सकते है ढ्ढ लड़कियां भी भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में सीएमपी और अधिकारी के रूप में शामिल होकर देश सेवा कर सकती हैं।



अंबाला। भर्ती के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करते सेना अधिकारी।

### आजाद सदस्य बोले, भाजपा कर रही है गंदी राजनीति

## अंबाला छावनी के वार्ड 14 में जलभराव से विवाद

- भाजपा सदस्य ने बताया नाले के निर्माण की वजह से आ गया पानी, जल्द हो जाएगा समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दो वार्डों के लोगों में गंदे पानी की समस्या पर विवाद खड़ा हो गया है। विवाद तब हुआ जब वार्ड नंबर 18 का गंदा पानी वार्ड नंबर 14 की गलियों में जमा होने लगा। इससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया।

वार्ड नंबर 14 के निर्दलीय सदस्य हरमिंद्र सिंह हीरा ने इसे गंदी राजनीति बताया, जबकि वार्ड नंबर 18 के भाजपा सदस्य श्याम सुंदर अरोड़ा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री ने आदेश दिया है कि शहर की हर समस्या साथ मिलकर हल की जानी चाहिए ताकि लोगों को मुश्किल न हो। यह विवाद दो वार्ड के साथ साथ दो अन्य दलों के सदस्यों का भी हो गया है। दोनों सदस्य एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। वार्ड नंबर 18 में बीजेपी सस्य हैं तो वहीं, वार्ड नंबर 14 में आजाद सदस्य है। यह विवाद तब भड़का जब वार्ड न 18 में विकास के कार्य के चलते पानी को वार्ड नंबर 14 में छोड़ दिया गया जिसकी वजह से वार्ड नंबर 14 की गालियां पानी से लबालब भर गई, और लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया।

बता दें को वार्ड नंबर 18 में नाला बनाने का कार्य चल रहा है। इसकी वजह से वार्ड नंबर 18 का पानी वार्ड न 14 में गिरा दिया गया है। लोगों का कहना है कि अभी तो मानसून आना बाकी है अभी से ये हाल है तो फिर जब बरसाते शुरू होंगी तो फिर क्या हाल होगा। लोगों ने कहा कि जलभराव होने से मौसमी बीमारी पनपने का भी डर सताने लगा है।

वहीं, घर से निकलते ही गलियों में खड़े गंदे पानी का सामना करना पड़ता है। वार्ड नंबर 14 के निवासियों का कहना है कि अगर इसका समाधान जल्दी नहीं होता तो आगे होने वाले चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। क्योंकि चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं।द चुनाव के बाद सभी हवा हवाई हो जाते हैं।



अंबाला। वार्ड नंबर 14 की गलियों में जमा गंदा पानी।

#### बनी सहमति

आजाद सदस्य ने इसे गंदी राजनीति बताया। वहीं उन्होंने केबिनेट मंत्री अनिल विज से भी इस और संज्ञान लेने की बात कही। भाजपा सदस्य ने भी सभी को हिदायत दी कि वो वार्ड नंबर 18 का पानी वार्ड नंबर 14 में न डालें। उसे पाइपों में डाले जिससे किसी को परेशानी न हो। दोनों के बीच सहमति तो बन गई।

### योग दिवस के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

**अंबाला।** डीसी अजय सिंह तोमर ने कहा कि आगामी 21 जून को 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा विशेष पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई है। नागरिक 9501131800 पर कॉल करके भी रजिस्ट्रेशन के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। योग, प्राचीन अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को जोड़ता है, और दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए योग विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उपकरण के रूप में विकसित हुआ है। दैनिक जीवन में योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संबंध का प्रतीक है। योग पारंपरिक कसरत के विपरीत, योग संतुलन, लचीलापन और मन की शांति को बढ़ावा देता है।

## कैबिनेट मंत्री बेदी अपने दिए बयान पर मांगें माफी : जैन

- सीएम को अनुसूचित जाति का भाग्यविधाता बताना बेहद शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा मुख्यमंत्री नायब सैनी को अनुसूचित जाति भाग्यविधाता बताने पर बवाल हो गया। कांग्रेस की ओर से भी मंत्री के बयान पर कड़ा ऐतराज जताया गया।

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा सीएम नायब सैनी को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमूर्ति बताना पूरी तरह से गलत व शर्मनाक कथन है। उन्होंने कहा कि यह बयान बेहद आपत्तिजनक है। इसकी वजह से पूरे समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री कृष्ण बेदी को अपने दिए गए इस बयान पर तुरंत ही सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट रोहित जैन ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने से बेदी समेत तमाम मंत्रियों में घमंड सिर चढ़कर बोल रहा है। मंत्री कृष्ण बेदी को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि वे जिस कुर्सी पर विराजमान है वह उन्हें बाबा साहेब के संविधान की बदौलत मिली है। मंत्री कृष्ण बेदी जैसे लोग अपने स्वार्थ के चलते भाजपा नेताओं के आगे नतमस्तक हो गए हैं। बार एसो एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि अंबेडकर द्वारा संविधान में की गई व्यवस्था से ही एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों के लोग विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री और बड़े पदों पर पहुंचे हैं।